e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
स0सं0:– 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024.....13781

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक 07/08/2024

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत प्रपत्र–5 में खतियानी विवरणी का संधारण किये जाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में स्पष्ट करना है कि भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक–177 दिनांक–11.01.2024 के आलोक में राज्य के सभी अंचलों में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य प्रारंभ किया गया है। इस आलोक में नवनियोजित 9888 विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के योगदान का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है एवं अगस्त, 2024 में राज्य एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षण उपरान्त प्रत्येक अंचल स्तरीय शिविर द्वारा विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस आलोक में प्रत्येक शिविर द्वारा संधारित किए जाने वाले प्रपत्र–5 खतियानी विवरणी के संधारण के संबंध में निम्नरूपेण कार्रवाई की जाएगी:–

(i) प्रपत्र–5 में खतियानी विवरणी के संधारण हेतु आवश्यक विगत सर्वे के खतियान की प्रति भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के वेबसाईट www.bhuabhilekh.bihar.gov.in पर उपलब्ध है। अतः विगत सर्वे के खतियान की प्रति को अभिलेखागार से प्राप्त किया जाना आवश्यक नहीं है।

(ii) भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रपत्र–5 के संधारण की प्रक्रिया से सम्बन्धित विडियो भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के Official Youtube Channel dlrs.bihar.gov.in पर उपलब्ध है, जिसका लिंक https://www.youtube.com/watch?v=lH-Jn76LIEQ है।

(iii) खतियानी विवरणी को संधारित करने के लिए प्रपत्र–5 का मुद्रण कराया जाना आवश्यक नहीं होगा।

(iv) अंचल के जिन ग्रामों का विगत खतियान अनुपलब्ध हो उनकी सूची थाना नं0 के साथ संधारित कर सभी अंचल अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाएगी एवं अनुपलब्ध खतियान को प्राप्त करने के लिए जिले के अभिलेखागार अथवा सम्बन्धित ग्राम के रैयत के पास सम्पर्क कर आवश्यक प्रयास किया जाएगा।

(v) प्रपत्र–5 के संधारण हेतु प्रतिदिन कार्य प्रगति की समीक्षा की जाएगी एवं प्रत्येक ग्राम के कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा। सॉफ्टवेयर में इन्ट्री किए जाने का प्रगति की समीक्षा प्रतिदिन जिला स्तर पर की जाए।

उक्त के आलोक में निदेशित किया जाता है कि नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण अमीनों के शिविरवार/ग्रामवार टैगिंग तथा जिलास्तरीय उद्घोषणा के प्रकाशन उपरान्त रैयतों से स्वघोषणा प्राप्ति किए जाने एवं ग्राम सभा के आयोजन के साथ–साथ प्रपत्र–5 के संधारण की कार्रवाई आरंभ की जाए एवं दैनिक प्रगति प्रतिवेदन के आलोक में साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठकों में प्रगति से अवगत कराया जाए।

विश्वासभाजन

6/8/24
(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना।

D:\Sanjeev-2024\Birendra Sir\Director\file no-13_2024. 31.07.2024_2.doc

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024......13181......**पटना, दिनांक** :..07/08/2024..

प्रतिलिपि : सभी प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (भू0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024......13181......**पटना, दिनांक**:..07/08/2024..

प्रतिलिपि : उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/सहायक निदेशक/विशेष कार्य पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रशाखा पदाधिकारी/निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024......13181......**पटना, दिनांक**:..07/08/2024..

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024......13181......**पटना, दिनांक**:..07/08/2024..

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024......13181......**पटना, दिनांक**:..07/08/2024..

प्रतिलिपि : मुख्य सचिव, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप
6/8/24